केन्द्रीय विद्यालय संगठन में के संबंध में समाचार

1804. **श्री शिवचरण सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 11 फरवरी, 1995 के "राष्ट्रीय सहारा" (दिल्ली संस्करण) में "नजर आया तो दूर करेंगे भ्रष्टाचार-राव" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या जून, 1991 से दिसम्बर, 1994 के दौरान अनेक संसद सदस्यों द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन में व्यापक रूप से फैले हुए भ्रष्टाचार की ओर सरकार का ध्यान दिलाये जाने के बाद कोई कदम उठाये गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां

(ख) और (ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन एक स्वायत्त संगठन है जिसका आवश्यक कार्रवाई करने के लिए अपना शासी बोर्ड है और अन्य सक्षम प्राधिकारी हैं ।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में भ्रष्टाचार के संबंध में समाचार

1805. **श्री गोविन्द राम भिरी :**
श्री शिवचरण सिंह :

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 10 जनवरी, 1995 के "राष्ट्रीय सहारा" (नई दिल्ली संस्करण) में "केन्द्रीय विद्यालय संगठन में भ्रष्टाचार की जांच की मांग" शीर्षक से छपे समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में जांच करने के कोई आदेश दिये हैं;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग तथा संस्कृति विभाग) में उपमंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ) केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जो आरोप लगाए गए हैं उनकी जांच किए जाने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि ये अस्पष्ट हैं और उनका कोई ठोस आधार नहीं है ।

Visit of German-Jamaican theatre group

1806. DR. MURLI MANOHAR JOSHI:

SHRI TRILOKI NATH CHATURVEDI:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what is the amount spent by Government on the German Jamaican theatre group which visited India in 1994;

(b) the period of stay of the group in India the places where the group presented plays; and

(c) the names of foreign theatre groups sponsored/supported/assisted by Government in 1993 and 1994 and amount given to each?